हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 30 जून 2026


तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 गौरवपथ निर्माण के लिए हरे-भरे पेड़ों की कटाई, सड़क की हरियाली गायब





**खबर संक्षेप**

### समर स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार

**रायगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा हटिया-एलटीटी-हटिया के मध्य गाड़ी संख्या 08609/08610 हटिया-एलटीटी-हटिया साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन 01 जुलाई तक किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए इस गाड़ी के परिचालन का विस्तार 15 जुलाई 2026 तक किया गया है। परिचालन में विस्तार होने के बाद गाड़ी संख्या 08609 हटिया-एलटीटी समर स्पेशल ट्रेन, हटिया से एलटीटी के लिये प्रत्येक सोमवार को 13 जुलाई तक चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08610 एलटीटी-हटिया समर स्पेशल ट्रेन, एलटीटी से हटिया के लिए प्रत्येक बुधवार को 15 जुलाई तक चलेगी।

### लात पुनर्वास ग्राम में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

**कुड़ेकेला।** छाल तहसील अंतर्गत ग्राम लात पुनर्वास है जिसे एसईसीएल द्वारा विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के लिए बसाया गया था, आज भी कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। ग्रामीणों का आरोप है कि भूमि अधिग्रहण के समय उन्हें आश्वासन दिया गया था कि पुनर्वास स्थल पर सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी, लेकिन आज तक कई वादे पूरे नहीं हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार पुनर्वास ग्राम में पानी की टंकी तो बनाई गई है, लेकिन उसमें पानी भरने के लिए पंप की व्यवस्था नहीं की गई है। इसके अलावा नाली, पक्की सड़क, पार्क और बच्चों के लिए खेल मैदान जैसी आवश्यक सुविधाओं का भी अभाव है। विस्थापित परिवारों का कहना है कि मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण उन्हें रोज़मर्रा की ज़िंदगी में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने एसईसीएल और प्रशासन से जल्द से जल्द सभी अधूरी सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा भूमि अधिग्रहण के समय किए गए वादों को पूरा करने की मांग की है।

### नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासी

**बिर्रा ।** नगर पंचायत बिर्रा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में एयरटेल नेटवर्क की लगातार खराब स्थिति से हजारों उपभोक्ता परेशान हैं। पिछले कई दिनों से मोबाइल नेटवर्क कमजोर रहने, बार-बार कॉल कटने, इंटरनेट की धीमी गति तथा कई स्थानों पर नेटवर्क पूरी तरह गायब हो जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। इसके कारण विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों के दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि आज के डिजिटल युग में अधिकांश शासकीय कार्य, ऑनलाइन भुगतान, बैंकिंग सेवाएं, पढ़ाई और व्यावसायिक गतिविधियां मोबाइल नेटवर्क पर निर्भर हैं, लेकिन एयरटेल की खराब सेवा के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार आपातकालीन परिस्थितियों में भी फोन नहीं लगने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि नेटवर्क की समस्या के कारण ऑनलाइन कक्षाओं में बाधा आ रही है, यूपीआई भुगतान प्रभावित हो रहा है ।

## धान छोड़कर अन्य फसलों पर फोकस, बारिश का पानी रोकने का भी निर्देश

# बारिश के आसार नहीं, कृषि विभाग ने भी जारी कर दी एडवाइजरी, लगा सकते हैं कम अवधि की फसल



**इन प्रजातियों के धान लगाने की नसीहत**

बारिश नहीं होने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई है। अधिकांश किसानों ने बोनी तो कर लिया है, लेकिन खेत में ही धान सूख गए हैं। हालांकि अभी भी बोनी का काम चल ही रहा है। ऐसे में कृषि विभाग की ओर से धान में **MTU** 1156 और 1153 धान लगाने की नसीहत दे रहे हैं।1156 प्रजाति की धान की अवधि 115-120 दिन होती है। वहीं 1153 प्रजाति की धान की अवधि 120-125 दिन की होती है। इन प्रजातियों के धान में पानी कम लगता है और पौधे गिरते नहीं है। हरा फुदका रोग, ब्लास्ट और अन्य बीमारियों को सहने की क्षमता होती है।



**हर दिन या रात को गरज-चमक, लेकिन बारिश**

हर दिन या फिर रात को जमकर गरज-चमक हो रही है, लेकिन बारिश नहीं होती है। बीती रात करीब आधे घंटे तक तेज गर्जन के साथ बिजली चमक रही थी, लेकिन एक बूंद पानी नहीं गिरा। सोमवार को भी देर शाम बादल गरज रहे थे, लेकिन बारिश हुई नहीं। कुल मिलाकर जिले में अभी तक तो सूखे के हालात जैसे ही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारत मौसम विज्ञान विभाग का हवाला देकर अब तो संचालनालय कृषि ने भी कहा है कि अलनीनो की वजह से प्रदेश में अनियमित वर्षा या सूखे जैसे हालात निर्मित हो सकते हैं। ऐसे में किसानों के लिए विशेष तौर पर एडवाइजरी भी जारी कर दी गई है। किसानों को इस तरह के हालातों में कम अवधि की फसलें लगाने की नसीहत दी गई है। धान के बदले दलहन-तिलहन और अन्य फसलें लगाने कहा गया है। साथ ही बारिश की पानी को रोकने के लिए भी कहा जा रहा है, ताकि उसका उपयोग किया जा सके। दूसरी ओर 15 जुलाई तक अंकुरण नहीं आने की स्थिति में दोबारा बोनी करने की बात कही गई है। कृषि विभाग के रिटायर्ड अधिकारियों की मानें तो इस तरह की स्थिति 12-15 सालों बाद निर्मित हुई है। उस दौर में इसी तरह के हालात निर्मित हुए थे, लेकिन ऐसी विकराल परिस्थितियां नहीं थी। खंड वर्षा हो रही थी, जिससे कहीं अधिक तो कहीं कम बारिश हो रही थी। इस बार तो पूरी तरह से मेघराज ने जिले के लिए मुंह फेर लिया है। इससे सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है। कुछ गांवों में 70-80 तो कुछ गांवों में 50-60 फीसदी बोनी हुई है। किसान डर में रोपा लगाने की तो सोच ही नहीं रहे हैं। जो बोनी हो गई है उसमें आए करीब 60 फीसदी अंकुरण भी सूख चुके हैं। एक दो दिन और बारिश नहीं होगी तो पूरे अंकुरण पर संकट छा जाएगा। ऐसे में किसानों को दोबारा बोनी करनी पड़ेगी।

### डंपर ने युवक को कुचला आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र बड़ेभंडार में पैदल चल रहे एक राहगीर को तेज रफ्तार डंफर ने कुचल गया। जिससे युवक की मौत हो गई। इस हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चालक की गिरफ्तारी और उचित मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। बताया जा रहा है कि इस हादसे के बाद डंफर चालक वाहन सहित फरार हो गया। जिसकी पतासाजी में पुलिस जुट गई है। सोमवार की दोपहर में ग्राम टपरदा का रहने वाला शंकरध्वज निषाद 40 साल पैदल किसी काम से बड़े भंडार रोड पर जा रहा था। इसी बीच चंद्रपुर से रायगढ़ की ओर जा रहे तेज रफ्तार डंफर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे बुरी तरीके से ठोकर मार दिया। इससे मौके पर युवक की मौत हो गई। इस घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया। लोगों ने देखा तो मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ इक्ट्ठा हो गई । देखते ही देखते मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा प्रदान करने व आरोपी डंफर चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम शुरूकर दिया।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र स्थित जामगा रेलवे स्टेशन के मनुआपाली फाटक के समीप चौथी लाइन में एक युवक का शव सोमवार की सुबह देखा गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शव की हालत देख आत्महत्या की आशंका प्रतीत हो रहा है। ट्रेन की चपेट में आने से युवक का सिर से धड़ से अलग हो चुका है। पुलिस को पूछताछ के दौरान मृतक के बारे में जानकारी मिली। बताया जा रहा है कि मृतक का नाम हिमांशु गुप्ता पिता सूर्यकांत गुप्ता निवासी कुकुर्दा है। परिजनों के अनुसार, हिमांशु गुप्ता का विवाह पिछले वर्ष हुआ था और उसके परिवार में पत्नी तथा एक छोटा बच्चा है। परिजनों ने यह भी बताया कि वह पिछले कुछ समय से गुमसुम और उदास रहता था। हालांकि, घटना के पीछे की वास्तविक वजह पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

## आंगन में सोने की गुस्ताखी, नाराज पति ने कर दी पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**रायगढ़।** कापू थाना क्षेत्र के ग्राम पारेमेर में बीती रात एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने सिर्फ इसलिए अपनी पत्नी को हत्या कर दी, क्योंकि उसकी पत्नी आंगन में सो रही थी और वह उसे घर के भीतर सोने को कह रहा था, लेकिन पत्नी ने उसकी बात नहीं मानी। जिसकी वजह से पति इस कदर आक्रोशित हुआ कि उसने डंडे से पीट पीट कर अपनी ही पत्नी की हत्या कर दी। जिसके बाद आरोपी फरार होने की योजना बना रहा था, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया ।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 28 जून को ग्राम पारेमेर में रहने वाला रामनाथ मंझवार पिता सेलठूराम मंझवार के घर पर उसकी पत्नी जीतो बाई मंझवार को शव मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मौके से रामनाथ फरार होने की योजना बना रहा था, जिसे पुलिस ने धरदबोचा। पूछताछ ने आरोपी



रामनाथ मंझवार ने पुलिस को बताया कि बीती रात को खाना खाने के बाद उसकी पत्नी जीतो बाई आंगन में सोने के लिए चली गई। जीतो बाई को रामनाथ आंगन में सोता देख घर के भीतर सोने को कहता रहा, लेकिन जीतोबाई ने उसकी बात नहीं मानी और आंगन में ही सो गई। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते रामनाथ ने डंडे से एक के बाद एक कई वार जीतो बाई पर कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी पत्नीहंता को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों का उत्पात जारी, तोड़े 5 मकान और एक झोपड़ी

- ग्रामीणों में दहशत, बीती रात कापू और लैलूंगा रेंज की घटना

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ वन मंडल में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात हाथियों के एक दल ने अलग-अलग गांवों में घुसकर पांच मकानों और एक झोपड़ी को नुकसान पहुंचाया। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीण भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं।

इस संबंध में जानकारी के मुताबिक, कापू रेंज के अंतर्गत हाथियों ने रामकुमार, लक्ष्मण सिंह, सत्यसिंह और तिलक सिंह के मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं टेड़ासेमर गांव में पहाड़ी कोरवा समुदाय की दसरिन के मकान को भी नुकसान पहुंचाया गया। इसी दौरान कार्तिक कोरवा की झोपड़ी भी हाथियों की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। इधर, लैलूंगा रेंज में भी हाथियों ने एक बाउंड्रीवाल तोड़ दी और आम के बगीचे को नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों ने मकानों को नुकसान पहुंचाने के बाद घरों में रखा चावल और अन्य खाद्य सामग्री भी खा ली।



**जिले में 154 हाथी कर रहे विचरण**

वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, धरमजयगढ़ वन मंडल में वर्तमान में 126 हाथी मौजूद हैं, जबकि रायगढ़ वन मंडल में 28 हाथी विचरण कर रहे हैं। इस प्रकार जिले में कुल 154 हाथी अलग-अलग दलों में सक्रिय हैं, जिनमें 44 नर, 82 मादा और 28 शावक शामिल हैं। हाथियों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग और हाथी मित्र दल लगातार प्रभावित गांवों में मुनादी कर लोगों को सतर्क कर रहे हैं। ग्रामीणों हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने, रात के समय अकेले बाहर न निकलने और किसी भी वन्यजीव की मौजूदगी की सूचना तत्काल वन विभाग को देने की अपील की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कापू रेंज के विभिन्न बीट क्षेत्रों में वर्तमान में करीब 19 हाथी विचरण कर रहे हैं। बीते एक सप्ताह के भीतर हाथियों द्वारा लगभग 10 मकानों को क्षति पहुंचाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे लोगों में दहशत लगातार बढ़ती जा रही है। शाम ढलते ही ग्रामीण घरों से बाहर निकलने में डर महसूस कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम प्रभावित गांवों में पहुंची और नुकसान का आकलन शुरू किया। विभागीय अमला प्रभावित परिवारों को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में जुटा हुआ है।

### अनासर काल में रहेंगे महाप्रभु

## जगन्नाथ महाप्रभु का 108 कलशों से महास्नान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार को मोती महल परिसर के समीप स्थित जगन्नाथ मंदिर में देव स्नान पूर्णिमा श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महाप्रभु जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा का 108 पवित्र कलशों के जल से विधिवत महास्नान कराया जाएगा। महास्नान के बाद भगवान अनासर काल में प्रवेश करेंगे। बीमार पड़ने के कारण उन्हें विश्राम के लिए अणसर गृह में स्थापित कर दिया गया है. महाप्रभु के बीमार होने के बाद जगन्नाथ के मंदिर के पट बंद कर दिए गए।

धार्मिक मान्यता के अनुसार 108 कलशों के शीतल जल से स्नान के पश्चात भगवान अस्वस्थ हो गए,



जिसके चलते वे 15 दिनों तक विश्राम करेंगे। इस अवधि को अनासर काल कहा जाता है। इसे आगामी रथ यात्रा महोत्सव का पहला और सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान माना जाता है। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रत्यक्ष दर्शन बंद रहेंगे और केवल सेवायत पुजारी ही भगवान की सेवा, पूजा-अर्चना एवं उपचार करेंगे। इसी अवधि में मंदिर में घंटियां नहीं बजतीं और कोई शुभ या नया निर्माण कार्य भी नहीं किया जाता। पूरे वातावरण को शांत और सात्विक बनाए रखा जाता है। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ ने स्वयं ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन 108 पवित्र कलशों के जल से अभिषेक किए जाने की परंपरा स्थापित की थी। तभी से यह परंपरा निरंतर चली आ रही है और रथ यात्रा से पहले होने वाले प्रमुख आयोजनों में शामिल है। अनासर काल के दौरान भगवान के विशेष श्रृंगार और आभूषणों को विराम दिया जाएगा। महास्नान के बाद उन्हें सादे वस्त्र धारण कराए गए तथा हल्का और सुपाच्य भोग अर्पित किया गया। परंपरानुसार औषधीय काढ़ा, दूध, फल और विशेष प्रसाद भगवान को अर्पित किया गया। मान्यता है कि इस अवधि में भगवान का उपचार किया जाता है और वे पुनः स्वस्थ होकर भक्तों को दर्शन देते हैं। करीब 15 दिनों के विश्राम के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा नवयौवन दर्शन देंगे। इसके पश्चात भव्य रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। देव स्नान पूर्णिमा को लेकर मंदिर परिसर में विशेष सजावट की गई और सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना शुरू हो गया था।



# LAKHMI CHAND INSTITUTE OF TECHNOLOGY

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS

**Near High Court, Raipur Road, Bodri, Bilaspur (C.G.)**

**Affiliated to CSVTU & Approved by AICTE**

THINK EDUCATION THINK LCIT




Scan For A Brighter Future

ADMISSIONS OPEN 2026-27

## ONLINE COUNSELLING PHASE - I

| Courses | Registration | Allotment | Admission |
|---|---|---|---|
| B.Tech | 30th June 2026 to 06th July 2026 | 10th July 2026 | 11th July 2026 to 15th July 2026 |

## Courses Offered

**B.Tech**
- CSE
- Civil
- Mechanical
- Electrical
- ET&T
- AI ML*

**M.Tech**
- CSE
- Civil (Environment)

**MBA**
- Human Resource
- Marketing
- Finance
- System
- Production & Operations

**MCA***
- Computer Science

## BILASPUR

Balaji Copiers, Mahamaya Chowk, Kamesh Chandrakar - 9039849285
Sarveshh Classes, Near Natraj Sweets, Sarkanda, Swati Suryawanshi - 8305050793
Budh Online Center, Masturi, Abhay Singh - 8839533390

## JANJGIR
Rohan Dewangan - 7000302399
Virendra Sharma - 7889932588

## RAIGARH
Cyber Home, Near Railway Station, Upesh Kashyap - 8103375133

## RATANPUR
Dream Academy, Near Prachin Kila, Gaurav Jaiswal - 7000370385

## Baloda
Nutan Photocopy, Baloda, Amit Awasthi - 8319985138

## AMBIKAPUR
Vaibhav Awasthi - 8982868880
Anvesh Pandey - 9630115395

## KORBA
Rahul Cyber Café, T.P. Nagar, Ashim Mukharjee - 9179353785

## MUNGELI
Ramanand Computer Centre, Infront of Pashu Chikitsalaya
Prashant Rajput - 7000857466, Nirmal Panigrani - 9993297453

## PENDRA
Speed Computer, In Front Govt. Girls School
Salim Raja - 9340838205
Mukesh Kaushik - 8435264400

## TAKHATPUR
Saurabh Computer, Barela Chowk
Tamradhvaj Vaishnav - 9575916622

## PLACEMENT HIGHLIGHTS

- **265+** Placements During 2024-2026
- **₹3.5 LPA** Minimum Package
- **₹5 LPA** Average Package
- **200+** Total Recruiters

## BEST PLACEMENTS



Saransh Rathore — ₹13.90 LPA — B.Tech CSE — INDIAN AIR FORCE



Aryan Agney — ₹13 LPA — B.Tech CSE — Dave AI



Soniya Jaiswal — ₹10 LPA — B.Tech CSE — Voyatek



Princy Agrawal — ₹10 LPA — B.Tech Civil — WATER RESOURCE DEPARTMENT (WRD)



Riya Kumari — ₹5.5 LPA — B.Tech ET&T — UBER

## OUR PLACEMENT PARTNERS

tcs TATA CONSULTANCY SERVICES · AMNEX · OMNEXIA TECHNOLOGY · AXIS BANK · ICICI Bank · ESAF SMALL FINANCE BANK Joy of Banking · Dave AI · adani CEMENT · & Many More

TRANSPORT FACILITY | COMPUTER LABS | EXPERT FACULTY | PLACEMENT ASSISTANCE | HOSTEL: BOYS & GIRLS | AC Labs | Wi-Fi Campus | Digital Classrooms

**+91 96850 91333, +91 95222 20113**

## खबर संक्षेप

### पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए ई-केवाईसी शुरू

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितों की सुरक्षा, पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से आधार आधारित ई-केवाईसी प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इसके तहत सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पंजीयन अभिलेखों का आधार कार्ड में दर्ज जानकारी से मिलान कर आवश्यक संशोधन एवं अद्यतन किए जाएंगे। यह विशेष अभियान 30 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को अपने मूल आधार कार्ड के साथ निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में उपस्थित होना होगा।

### जिले में 29 जून को 92.7 मिमी औसत वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से 29 जून 2026 तक 744.4 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 29 जून तक सामान्य औसत वर्षा 1625.9 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 92.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार है तहसील जशपुर में 77.4 मिमी, मनोरा में 125.2 मिमी, कुनकुरी में 98.2 मिमी, दुलदुला में 55.7 मिमी, फरसाबहार में 38.6 मिमी, बगीचा में 30.0 मिमी, कांसाबेल में 75.5 मिमी, पत्थलगांव में 71.4 मिमी, सन्ना में 131.4 मिमी एवं बागबहार में 41.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा सन्ना तहसील में 131.4 मिमी दर्ज की गई है। 29 जून को सर्वाधिक सन्ना तहसील में 52.3 मिमी वर्षा हुई।

### सर्पदंश पीड़ित महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर के कमरे में बेटी व नातिन के साथ सो रही महिला को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम नरकालों निवासी मुनिया बाई पति अमृत (62 वर्ष) 26 जून की रात बेटी शीतल दास व उसके बच्चे के साथ घर के कमरे में जमीन पर सो रही थी। तड़के लगभग 3 बजे महिला पैर में सांप के डस लेने पर शोर मचाने लगी। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा बिस्तर के पास जहरीला सांप था। परिजन तत्काल महिला को नवापारा स्थित संगवारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कबीर आश्रम की दर्शनीय स्थल के रूप में होगी पहचानः विनयशील

**जशपुरनगर।** कुनकुरी स्थित कबीर आश्रम के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष विनयशील ने कहा है कि आश्रम की भूमि का पट्टा मिल चुका है और अब इस स्थान के समग्र विकास के लिए शासन से विशेष राशि की मांग की गई है।



उन्होंने विश्वास जताया कि आवश्यक स्वीकृति मिलने के बाद कबीर आश्रम को आधुनिक सुविधाओं से विकसित किया जाएगा, जिससे यह क्षेत्र धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से एक नई पहचान प्राप्त करेगा। विनयशील ने बताया कि कबीर आश्रम की भूमि का विधिवत पट्टा मिलने के बाद इसके विकास का मार्ग प्रशस्त हो गया है। प्रस्तावित योजना के तहत आश्रम परिसर में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार, सौंदर्यीकरण तथा श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी।

## प्राकृतिक सौंदर्य और सुकून के पल बिताने पर्यटक हो रहे आकर्षित


# जशपुर पर्यटन के क्षेत्र में बना रहा अलग पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में जशपुर जिला तेजी से एक उभरते पर्यटन स्थल के रूप में अपनी अलग पहचान बना रहा है।

जशपुर अपनी प्राकृतिक सौंदर्य, हरि भरी वादियां नदी, पहाड़ झरने आदिवासी संस्कृति रहन-सहन लोक संस्कृति से परिपूर्ण। शहरों के भागदौड़ की जिन्दगी से दूर सुकुन बिताने के जशपुर लोगों को अपनी ओर सहज ही आकर्षित करता है। पर्यटन की बात करें तो जशपुर में ऐसे कई पर्यटन स्थल हैं जहां आकर मन को एक अलग सुकुन की अनुभूति कराता है। जशपुर जिले में देश देखा, रानीदाह जलप्रपात ,चाय बगान, दमेरा, कुनकुरी विकास खंड में मयाली नेशचर कैम विश्व सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़, बगीचा विकास खंड में खुडिया रानी, राजपुरी जलप्रपात दनगरी जलप्रपात कैलाश गुफा सहित अन्य पर्यटन स्थल का आनंद लिया जा सकता है।






**बगीचा विकास खंड में कैलाश गुफाः** घने जंगलों के बीच बनी यह एक अद्भुत प्राकृतिक गुफा है। जहां भगवान शिव का मंदिर और संत गहिरा गुरु का आश्रम भी है। यह स्थान आध्यात्मिक और शांति के लिए प्रसिद्ध है।

**जशपुर विकासखंड में रानीदाह जलप्रपातः** जशपुर शहर से 15 किलोमीटर दूर स्थित यह जलप्रपात हरी भरी पहाड़ियों और जंगलों से घिरा हुआ है। पिकनिक का आनंद उठाने के लिए बेहतरीन पर्यटन स्थल में शामिल हैं।

### बगीचा विकासखंड में राजपुरी जलप्रपात



यह जलप्रपात पर्यटकों को अपनी ओर सहज ही आकर्षित करता है। कुनकुरी विकासखंड में मयाली नेचर कैंप एडवेंचर और प्रकृति प्रेमियों के लिए बेहतरीन जगह है। यहां बोटिंग और शानदार नजारों का आनंद लिया जा सकता है। कुनकुरी विकास खंड के मयाली में विश्व का सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग के रूप में जाना जाता है। इस विशालकाय प्राकृतिक पर्वत को लार्जेस्ट नेचुरल शिवलिंग के रूप में प्रतिष्ठित गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। मधेश्वर पहाड़ प्राकृतिक रूप से हुबहू शिवलिंग के आकार में दिखाई देता है। यह लोगों की आस्था से भी जुड़ा हुआ है। कोतेबिरा फरसाबहार विकास खंड में ईब नदी के किनारे का यह प्राकृतिक स्थल अपनी मनोरम चट्टानों और शांत पहाड़ी श्रंखलाओं के लिए जाना जाता है।

### खुड़िया रानी गुफा



बगीचा विकास खंड में यह गुफा ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व का स्थान है। जशपुर पहुंचने के लिए सड़क मार्ग से सीधे पहुंच सकते हैं। निकट का रेल्वे स्टेशन रांची झारखंड, और झारसुगुड़ा उड़ीसा है इसके साथ ही रांची झारखंड बीरसा मुंडा एयरपोर्ट तक हवाई मार्ग से आ सकते हैं और झारसुगुड़ा उड़ीसा तक ट्रेन और हवाई मार्ग से आया जा सकता है। तत्पश्चात रांची झारखंड राज्य से लगभग 3 घंटे की दूरी में जशपुर सड़क मार्ग से पहुंच सकते हैं। उड़ीसा राज्य में झारसुगुड़ा तक ट्रेन में सफर करके जशपुर सड़क मार्ग से लगभग 3 घंटे में जशपुर पहुंच सकते हैं।



## दोकड़ा धाम में आज सजेगा दिव्य महारण स्नान महोत्सव

**जशपुरनगर।** जिले के दोकड़ा स्थित ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा धाम में स्नान पूर्णिमा पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा का दिव्य महारण स्नान महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया।

- 108 पवित्र कलशों से होगा भगवान जगन्नाथ का महाभिषेक

भगवान का 108 पवित्र कलशों के सुगंधित जल से महाभिषेक किया जाएगा तथा भक्तों को भगवान के दिव्य गजानन (हाथी) वेश के अलौकिक दर्शन का दुर्लभ अवसर प्राप्त होगा।श्री जगन्नाथ मंदिर समिति के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 1:00 बजे मंगल आरती एवं हरि कीर्तन से होगा। इसके बाद 1:30 बजे पहंडी विजय, 2:30 बजे 108 कलशों के जल से देव स्नान, 3:30 बजे दिव्य श्रृंगार एवं गजानन वेश दर्शन तथा 4:00 बजे संध्या आरती एवं महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस दिव्य एवं दुर्लभ धार्मिक आयोजन में शामिल होने तथा भगवान श्री जगन्नाथ के श्रीचरणों में आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

## एफएसएसएआई लाइसेंस एवं पंजीयन शिविर आज

**जशपुरनगर।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा खाद्य कारोबारियों को जागरूक करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग, जशपुर द्वारा 30 जून को जिला पंचायत कार्यालय के संवाद सभागार कक्ष क्रमांक 13, जशपुर में एफएसएसएआई (FSSAI) खाद्य लाइसेंस एवं पंजीयन शिविर आयोजित किया जाएगा।

शिविर का संचालन सुबह 11;00 बजे से शाम 5;00 बजे तक किया जाएगा। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अभिहित अधिकारी ने जिले के सभी खाद्य कारोबारियों, व्यापारिक संगठनों एवं संस्थाओं से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल होकर इसका लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि किराना दुकान, खुदरा एवं थोक व्यापार, डिस्ट्रीब्यूटर, खाद्य विनिर्माता, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, डेयरी, फल-सब्जी विक्रेता, मेडिकल शॉप, मटन-चिकन शॉप, राइस मिलर्स, सूक्ष्म एवं लघु खाद्य उद्योग, कैटरर्स तथा स्ट्रीट फूड वेंडर्स सहित खाद्य पदार्थों के व्यवसाय से जुड़े सभी कारोबारियों के लिए यह शिविर उपयोगी रहेगा। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं विनियम, 2011 की धारा 31 (1) एवं (2) के अनुसार कोई भी व्यक्ति बिना खाद्य लाइसेंस अथवा पंजीयन के खाद्य कारोबार प्रारंभ या संचालित नहीं कर सकता। वहीं अधिनियम की धारा 63 के तहत बिना लाइसेंस खाद्य पदार्थों का निर्माण, विक्रय, भंडारण अथवा वितरण करने पर 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। इसलिए सभी खाद्य कारोबारियों के लिए नियमानुसार एफएसएसएआई लाइसेंस अथवा पंजीयन प्राप्त करना आवश्यक है। नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ के निर्देश तथा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रोहित व्यास के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में खाद्य कारोबारियों को लाइसेंस एवं पंजीयन से संबंधित सभी प्रक्रियाओं में आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## विद्यार्थियों को समय पर उपलब्ध कराई गई अंकसूची

**जशपुरनगर।** जिला शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षा की मार्कशीट हस्तलिखित संबंधी प्राप्त शिकायतों के संबंध में स्पष्टीकरण जारी किया है। जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर ने कहा है कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की गई थीं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों के प्रवेश, अध्ययन-अध्यापन एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियाँ प्रभावित न हों, इसके लिए विभाग द्वारा उपलब्ध डिजिटल परिणामों के आधार पर अस्थायी अंक विवरण उपलब्ध कराया गया था। यह केवल एक अंतरिम प्रशासनिक व्यवस्था थी, ताकि विद्यार्थियों को समय पर आवश्यक शैक्षणिक दस्तावेज मिल सकें। उन्होंने बताया कि तकनीकी एवं मुद्रण संबंधी कारणों से मूल अंकतालिकाओं के वितरण में कुछ विलंब हुआ था, जिसे विभाग ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। इसके परिणामस्वरूप 15 जून को कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा की मूल अंकसूचियाँ संबंधित विद्यालयों को उपलब्ध करा दी गईं। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि शिकायतों में यह बताया गया है कि शिक्षक पढ़ाई छोड़कर केवल मार्कशीट तैयार करने में लगे रहे, जबकि वास्तविक स्थिति यह है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रथम दिवस से ही जिले के सभी विद्यालयों में नियमित रूप से अध्ययन-अध्यापन संचालित होता रहा।

- नियमित रूप से संचालित हुई पढ़ाई

## धान खरीदी केंद्र तमता में सहकारी सप्ताह का शुभारंभ

**जशपुरनगर।** प्राथमिक साख सहकारी समिति के तत्वावधान में सोमवार को धान खरीदी केंद्र तमता में 'सहकारी सप्ताह' का धूमधाम से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं किसान अध्यक्ष श्री रवि शंकर पैकरा रहे, जिन्होंने गरिमामयी उपस्थिति के बीच ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद उपस्थित जनों ने सहकारिता के सिद्धांतों और किसान कल्याण के संकल्प को दोहराया।

कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते हुए समिति प्रबंधक हजारी लाल सर्पराज एवं भारतीय जनता पार्टी के निगरानी समिति सदस्य हरि शंकर यादव ने बताया कि जिले की सभी सहकारी समितियों में 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारी सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पूरे एक सप्ताह तक विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सहकारिता के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि करना, सहकारी संस्थाओं को अधिक सशक्त एवं पारदर्शी बनाना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना है। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि एवं किसान अध्यक्ष रवि शंकर पैकरा ने कहा कि सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। किसानों को उनका हक व सुविधाएं समय पर दिलाना और समितियों को पारदर्शी बनाकर उन्हें सशक्त करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।




## विकसित भारत-जी राम जी लागू होने से पहले मनरेगा कर्मचारियों ने खोला मोर्चा



**रायगढ़।** केंद्र सरकार द्वारा 1 जुलाई से देशभर में मनरेगा के स्थान पर विकसित भारत-जी राम जी योजना लागू किए जाने की तैयारी के बीच मनरेगा कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की राह पर हैं। करीब दो दशक से योजना के संचालन में जुड़े कर्मचारी सेवा सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और कर्मचारी हितों से जुड़े प्रावधानों की मांग करते हुए चरणबद्ध आंदोलन का एलान कर चुके हैं।

छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों का कहना है कि जिले में कार्यरत लगभग 2 हजार कर्मचारी लंबे समय से मानव संसाधन नीति लागू किए जाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार गठन के बाद बीते ढाई वर्षों में भी इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। यह प्रदर्शन प्रदेश व्यापी आंदोलन होगा, जिसमें जिला सहित राज्य भर के कर्मचारी एकजुट होकर प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारियों का आरोप है कि एचआर नीति तैयार करने के लिए गठित समिति को 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करनी थी, लेकिन अब तक प्रक्रिया अंतिम रूप नहीं ले सकी है। इस संबंध में संगठन की ओर से कई बार शासन को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं।

### ये हैं कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

कर्मचारी संगठनों ने एचआर नीति के माध्यम से 62 वर्ष की आयु तक अथवा योजना अवधि तक सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। इसके अलावा निलंबन संबंधी स्पष्ट नियम, अनुकंपा नियुक्ति, स्थानांतरण नीति, सेवा पुस्तिका संधारण, वार्षिक वेतन वृद्धि, चिकित्सा सुविधा तथा अन्य कर्मचारी हितैषी प्रावधान लागू करने की भी मांग की गई है। ग्राम रोजगार सहायकों के लिए संविदा व्यवस्था को यथावत रखने और ग्रेड-पे निर्धारण को भी महासंघ ने प्रमुख मुद्दों में शामिल किया है।

### 20 वर्षों से निभा रहे अहम जिम्मेदारी

पदाधिकारियों का कहना है कि मनरेगा कर्मचारी पिछले लगभग 20 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने और योजना को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उनका कहना है कि इतने लंबे समय तक सेवाएं देने के बावजूद कर्मचारियों के लिए स्थायी सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था अब तक नहीं हो सकी है।

## बिना नंबर के वाहनों से जंगल के रास्ते रेत माफिया कर रहे परिवहन
## वन विभाग ने घेराबंदी कर पकड़ा दर्जन भर से अधिक ट्रैक्टर

**घरघोड़ा।** कुटकुट नदी से लंबे समय से चल रहे अवैध रेत उत्खनन के काले कारोबार पर आखिरकार वन विभाग ने ऐसा शिकंजा कसा है, जिसकी गूंज पूरे क्षेत्र में सुनाई दे रही है। वन विभाग की टीम ने सुनियोजित रणनीति के तहत जंगल के भीतर घेराबंदी कर रेत से लदे करीब एक दर्जन ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया। कार्रवाई इतनी अचानक और सटीक थी कि रेत माफियाओं को संभलने तक का मौका नहीं मिला।



सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ कि जब्त किए गए किसी भी ट्रैक्टर में नंबर प्लेट नहीं लगी थी। यानी कानून को खुलेआम ठेंगा दिखाकर बिना पहचान वाले वाहनों से रोजाना रेत की तस्करी की जा रही थी। यह सिर्फ अवैध खनन नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम को चुनौती देने जैसा मामला माना जा रहा है। रेत माफियाओं ने वन क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए जंगल के बीचों बीच अवैध कच्चा मार्ग तैयार कर लिया था। इसी रास्ते से दिन रात सैकड़ों घनमीटर रेत बाहर निकाली जा रही थी। प्राकृतिक संसाधनों की खुली लूट का यह खेल लंबे समय से जारी था, लेकिन इस बार वन विभाग की दबिश ने पूरे नेटवर्क की पोल खोल दी। इस बड़ी कार्रवाई के बाद सबसे बड़ा सवाल खनिज माइनिंग विभाग की भूमिका पर खड़ा हो गया है। जिस अवैध कारोबार की भनक आम लोगों को थी, उस पर जिम्मेदार विभाग की नजर क्यों नहीं पड़ी। आखिर बिना नंबर प्लेट वाले ट्रैक्टर लगातार रेत ढोते रहे और कार्रवाई क्यों नहीं हुई। क्षेत्र में अब यह सवाल जोर पकड़ रहा है कि क्या विभागीय लापरवाही ने ही रेत माफियाओं के हौसले बुलंद किए।

### रसूखदारों का है संरक्षण

क्षेत्र में यह चर्चा भी तेज है कि इस अवैध कारोबार के पीछे कुछ प्रभावशाली लोगों का संरक्षण है। कार्रवाई के बाद मामले को कमजोर करने और जब्त ट्रैक्टरों को छुड़ाने के प्रयासों की चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं। वन विभाग की इस कार्रवाई ने यह साफ कर दिया है कि यदि इच्छाशक्ति हो तो रेत माफियाओं के सबसे मजबूत नेटवर्क को भी ध्वस्त किया जा सकता है। अब क्षेत्र की जनता की नजर इस बात पर है कि क्या यह कार्रवाई सिर्फ ट्रैक्टर जब्ती तक सीमित रहेगी या फिर अवैध उत्खनन के पूरे सिंडिकेट, उसके संचालकों और संरक्षण देने वालों तक भी जांच पहुंचेगी।

## जशपुर पुलिस जल्द शुरू करेगी विशेष चालानी अभियान

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने तथा प्रत्येक नागरिक में सुरक्षित यातायात की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से जशपुर जिले के पुलिस कप्तान डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में जशपुर पुलिस द्वारा हेलमेट एवं सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन में आज जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में विशेष अभियान संचालित किया गया।

- जिलेभर में चला सड़क सुरक्षा जन जागरूकता अभियान

अभियान के दौरान बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट वाहन चलाते पाए गए चालकों को रोककर उन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इसके बाद सभी वाहन चालकों को लगभग एक घंटे तक सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों पर आधारित जागरूकता फिल्म दिखाई गई, जिसमें हेलमेट नहीं पहनने, तेज रफ्तार, नशे में वाहन चलाने तथा लापरवाही से वाहन चलाने के गंभीर परिणामों को दर्शाया गया।




### शपथ दिलाई गई

इसके उपरांत सभी वाहन चालकों को ₹सड़क सुरक्षा के सात वचन₹ की शपथ दिलाई गई, जिसमें हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, नशे में वाहन नहीं चलाने, तेज गति से बचने, मोबाइल का उपयोग करते हुए वाहन नहीं चलाने तथा सभी यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया गया।उल्लेखनीय है कि जशपुर पुलिस के द्वारा पिछले कई दिनों से जनचौपाल, बाइक रैली, वीडियो संदेश, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सुरक्षित यातायात के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों का जीवन बचाना है।

### चालानी एवं वैधानिक कार्रवाई

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह ने कहा कि अभी पुलिस केवल समझाइश देकर लोगों को जागरूक कर रही है, लेकिन कुछ ही दिनों में बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर सख्त चालानी एवं वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## कुदमुरा से गूंजा पोलियो मुक्त भारत का संकल्प



**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा विकासखंड में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को कुदमुरा में उत्साह और जनभागीदारी के साथ अभियान का शुभारंभ किया गया। जनपद पंचायत बगीचा के उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की और अभिभावकों से अपने बच्चों को समय पर पोलियो की दवा अवश्य पिलाने की अपील की। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने कहा कि ₹पोलियो मुक्त भारत की उपलब्धि को बनाए रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। पांच वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा पोलियो की दो बूंद से वंचित न रहे, यही इस अभियान का उद्देश्य है।

## खबर संक्षेप



### संत शिरोमणि साहेब का प्राकट्य दिवस मनाया गया

**कोसीर।** शांति एकता एवं भाईचारा के प्रतीक सत्य मार्ग मे हमेशा चलने के लिए प्रेरणा देने वाले ऐसे महान सतगुरु शिरोमणि कबीर साहेब की 629 वाँ प्राकटय दिवस बडे ही श्रद्धा भाव के साथ भक्ति पूर्ण ढंग से मनाया गया कोसीर क्षेत्र के गांव गांव से समाज के लोग कबीर सामूदायिक भवन पहुंच कर आज साहेब की प्राकटय दिवस पर भक्ति भाव के साथ पूजा पाठ की प्रथम रुप से साहेब की प्रतिमा के सामने ज्योति कलश जलाकर प्रतिमा मे माल्यार्पण किया तत्पश्चात पुरी विधि विधान के साथ मंहत सनातन दास के अगुवाई में पुजा पाठ की जिसमे क्षेत्र के आसपास गांव के समाज के लोग भारी संख्या मे पहुंच कर कार्य क्रम को सफल बनाया इस विशेष कार्य क्रम को लेकर लोगों मे भारी खूशी रहा और इस कार्य क्रम मे समाज के पदाधिकारी सनानत दास मंहत फूलदास लक्ष्मण दास उतम दास जवाहर दास ईश्वर दास कुन्दन दास रोहित दास सूकलाल दास महेंद्र दास जगदीश दास राजधानी दास सहित सामाजिक बन्धु गण आमीन माताए व पत्रकार राजूदास मंहत उपस्थित रहे कार्य क्रम सफल पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस तरह सादगी के साथ मनाया गया।

### नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन आज

**सारंगढ़।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अध्ययनरत विद्यार्थियों को सूचित किया गया है किए वे शिक्षा सत्र 2026-27 के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति छात्रवृत्ति के लिए विभागीय पोर्टल पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन में नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल 20 जून से खुला है, जिसमें अंतिम तिथि 30 जून तक जमा कर सकते हैं। वहीं नवीन आवेदन के लिए पोर्टल 1 अगस्त से खुलेगा।

### 11वीं में लेटरल प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालित शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय, में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं में लेटरल प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस वर्ष विद्यालय में 54 रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया लेटरल प्रवेश परीक्षा के माध्यम से पूरी की जाएगी और अंतिम चयन मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा।

### उधर सड़क मरम्मत, इधर शबरी सेतु पर लगा जाम

**शिवरीनारायण।** गिधौरी मार्ग पर सड़क मरम्मत कार्य शुरू होने के कारण रविवार को कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। शबरी सेतु पर भी वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

Care With Confidence
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लैप्रोस्कोपी सर्जरी विभाग
हर्निया क्या होता है
इसके लक्षण, कारण, प्रकार एवं ईलाज हेतु संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

## सरसींवा से सराईपाली रोड़ पर 1 किलोमीटर तक हो रहा गौरवपथ निर्माण

# गौरवपथ निर्माण के लिए हरे-भरे पेड़ों की कटाई, सड़क की हरियाली गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

नगर के सराईपाली रोड पर करीब एक किलोमीटर गौरवपथ निर्माण हो रहा है। यह गौरव पथ न जाने कितने हरे-भरे पेड़ों की हरियाली को अपने चपेट में लेते हुए बलि ले ली है। इससे सड़क किनारे की हरियाली गायब हो गई है। वहीं कटे हुए सैकड़ों पेड़ भी गायब हो गए हैं।

सरसीवां सराईपाली रोड पर गौरवपथ का निर्माण हो रहा है। सड़क के दोनों ओर वर्षों पुराने पेड़ लगे हुए थे जहां गौरवपथ सड़क निर्माण के चलते पेड़ों को अपनी हरियाली की बलि देनी पड़ गई। सराईपाली रोड पर बड़े-बड़े विशालकाय नीम, बरगद, पीपल, करही, कहुआ, आम, जामुन समेत अनेक फलदार प्रजाति के



पुराने पेड़ लगे थे। सैकड़ों हरे-भरे पेड़ कटने से लोगों को छाया मिलना बंद हो गया है। याने सरसींवा सराईपाली रोड पर 1 किलोमीटर तक का गौरवपथ सड़क निर्माण ने सड़क की हरियाली तो छीन ली है। कभी वर्षों पहले पेड़ों से लोगों को मिलने वाले ताजी हवा और छाया आज वीराने में तब्दील हो गई है। सरसीवां सराईपाली मुख्य मार्ग सड़क के दोनों किनारे उजड़ा सा नजर आ रहा है।

#### लाखों का था कटे पेड़ की कीमत

सड़क निर्माण के लिए काटे गए सैकडों पेडों की कीमत भी लाखों में है। यह पेड़ कटने के बाद गायब हो गए हैं। ऐसे में अब ठेकेदार इसे लेकर सवालों के घेरे में आ गया है। ग्रामीण अब इसे लेकर शिकायत करने की तैयारी भी कर रहे हैं। दूसरी ओर अधूरे निर्माण से भी लोगों को परेशानी हो रही है।



## राष्ट्रीय विद्युत सुरक्षा सप्ताह पर स्कूल में पोस्टर स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल पावर तमनार में राश्ट्रीय विद्युत सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न प्रकार की गतिविधियां भी बिजली सुरक्षा के संबंध में की जा रही हैं। 28 जून को ओपी जिंदल सावित्रीनगर कालोनी में इलेक्ट्रिल डिपार्टमेंट द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिंदल पावर प्लांट तमनार में 26 जून से राश्ट्रीय विद्युत सुरक्षा सप्ताह 26 जून से मनाया जा रहा है।

इस वर्ष यह सप्ताह दक्षता, अनुपालन एवं सावधानी विद्युत सुरक्षा सुनिश्चित करना थीम पर मनाया जा रहा है इस दौरान 26 से 30 जून तक कंपनी के कर्मचारियों व कांट्रैक्ट वर्कर के लिए विभिन्न विषयों पर निबंध व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार अलग अलग दिनों में विद्युत सुरक्षा के लिए जागरूक करने के लिए अलग अलग गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 28 जून को ओपी जिंदल स्कूल सावित्रीनगर कालोनी में प्राइमरी से लेकर हायर सेकंडरी तक के विद्यार्थियों के लिए चार अल अलग कैटेगरी में विद्युत सुरक्षा विशय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की अच्छी बात यह रही कि प्राइमरी कक्षा के छोटे विद्यार्थियों ने भी इसमें सहभागिता निभाई। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विद्युत सुरक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें सुरक्षित विद्युत उपयोग करनेए सुरक्षा मानकों का अनुपालन एवं सावधानी के महत्व से अवगत कराना था।

#### स्पाट सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता आज

सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार 30 जून को विभागीय कर्मचारियों व कांट्रैक्ट वर्कर्स के लिए स्पाट सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा अंतिम दिन सीपीआर और इलेक्ट्रिल शाक लगने पर किए जाने वाले प्राथमिक इलाज का डेमास्ट्रेशन भी किया जाएगा।

## सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने साहित्य एवं संस्कृति जगत की विशिष्ट विभूतियों से की भेंट

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल एवं जनकल्याणकारी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशव्यापी स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियानों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र के विशिष्ट जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश संयोजक अनुपम पाल ने प्रदेश के विभिन्न साहित्यकारों, कलाकारों, लोकगायकों, शिक्षाविदों एवं सांस्कृतिक विभूतियों से उनके निवास एवं कार्यस्थलों पर जाकर आत्मीय भेंट की तथा उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर अनुपम पाल ने देश और समाज के



निर्माण में साहित्य, संस्कृति एवं लोककलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तृत चर्चा की तथा विभिन्न विभूतियों के अनुभवों, सुझावों और विचारों को आत्मीयता के साथ सुना। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराएं हमारी राष्ट्रीय पहचान की आधारशिला हैं और इनका संरक्षण एवं संवर्धन राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान अनुपम पाल ने देश के प्रतिष्ठित लोक कलाकार एवं पद्मश्री सम्मान से अलंकृत मदन चौहान से सौजन्य भेंट कर उनके सांस्कृतिक योगदान की सराहना की। इसके साथ ही प्रसिद्ध कबीर भजन गायक एवं पद्मश्री सम्मानित सारथी बंधु से मुलाकात कर भारतीय संत परंपरा एवं लोकसंगीत के संरक्षण पर चर्चा की गई।

## सहकारी समितियों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सहकारिता ध्वजारोहण कार्यक्रम

**सारंगढ़।** राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह के अवसर पर सारंगढ़. बिलाईगढ़ जिले की विभिन्न प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमापूर्ण माहौल में सहकारिता ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। सहसपुर समिति में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान विभिन्न सोसायटियों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों और बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसानों की सक्रिय उपस्थिति रही। समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों व वक्ताओं ने किसानों को संबोधित करते हुए सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सहकारिता आंदोलन किस प्रकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।



वक्ताओं ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सोसायटियों के माध्यम से किसानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ और सशक्त बनाना ही शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात सभी समितियों में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में उपस्थित किसानों और समिति के सदस्यों के समक्ष संस्था के उप नियमों का विस्तार से वाचन कर जानकारी दिया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों को समिति के नियमों, उनके अधिकारों और सहकारी प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना था, ताकि पारदर्शिता के साथ सहकारिता के उद्देश्यों को जमीनी स्तर पर अमलीजामा पहनाया जा सके।

## धोबनी बेलादुला मार्ग की बदहाली, बरसात में स्कूली बच्चों और ग्रामीणों की बढ़ेगी मुश्किलें

**सरसींवा।** सरसीवा तहसील मुख्यालय के अंतर्गत आने वाला धोबनी से बेलादुला पहुंच मार्ग अपनी बदहाल स्थिति के कारण क्षेत्रवासियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। वर्षों से उपेक्षा का शिकार यह सड़क अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे आम लोगों का आवागमन बेहद कठिन और जोखिमभरा हो गया है। बरसात के मौसम की शुरुआत के साथ ही इस मार्ग की समस्या और विकराल रूप लेती जा रही है।

यह मार्ग केवल एक सड़क नहीं, बल्कि आसपास के कई गांवों के लोगों को जोड़ता है। प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, किसान, व्यापारी, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं इसी रास्ते का उपयोग करते हैं। विशेष



रूप से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धोबनी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई विद्यार्थी प्रतिदिन साइकिल से विद्यालय पहुंचते हैं, लेकिन सड़क की जर्जर हालत के कारण उनका सफर बेहद कठिन और असुरक्षित हो गया है।

बरसात के दिनों में सड़क के गड्ढों में पानी भर जाने से वास्तविक स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में साइकिल सवार विद्यार्थियों के फिसलने और दुर्घटना का शिकार होने का खतरा लगातार बना रहता है। अभिभावकों में भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। कई बार विद्यार्थी समय पर विद्यालय नहीं पहुंच पाते, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

#### अधिकारियों को जानकारी लेकिन गंभीर नहीं

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की दुर्दशा को लेकर क्षेत्र वासियों द्वारा कई बार पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को अवगत कराया गया है। विभाग को लिखित एवं मौखिक रूप से शिकायतें भी की गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। पूरे गर्मी के मौसम में सड़क मरम्मत के लिए पर्याप्त समय था, किंतु विभागीय उदासीनता के कारण कोई कार्य नहीं कराया गया। अब जब बरसात शुरू हो चुकी है, तब सड़क की स्थिति और अधिक खराब हो गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत कर दी जाती, तो आज ग्रामीणों और विद्यार्थियों को इस परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।

## सुख बाहर नहीं, भीतर है : गीता रामायण से मिलेगा जीवन का मार्गः बाबा प्रियदर्शी राम

**रायगढ़।** गोपीनाथजीव मंदिर कोष्टापारा में आयोजित 16 वें वार्षिक उत्सव महोत्सव के दौरान शाम 5 बजे परमपूज्य अघोरेश्वर संत बाबा प्रियदर्शी राम ने श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए कहा बाहरी साधनों से सुख खोजने की बजाय अभ्यंतर में मौजूद सुख को महसूस करे। बड़ी संख्या में उपस्थित धर्मप्रेमियों को संबोधित करते हुए बाबा जी ने कहा कि मनुष्य जीवन में गीता.रामायण का नियमित पाठ कर सत्य के मार्ग का अनुशरण आवश्यक है। सुख की तलाश बाहरी उपायों से संभव नहीं है।

बाबा प्रियदर्शी राम जी ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य का जीवन सुख की तलाश में व्यतीत हो जाता है, परंतु यह सुख बाहरी उपायों से



संभव नहीं है। इसके लिए विचारों का चिंतन मनन, दृष्टि को व्यापक बनाना एवं सत्य के मार्ग का अनुसरण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन प्रतिकार करने में बीत जाता है, जबकि प्रभु श्रीराम ने अगले दिन राजतिलक होना थाए फिर भी पिता की आज्ञा के पालन के लिए बिना प्रतिकार किए 14 वर्षों का वनवास स्वीकार कर समाज के सामने अनुकरणीय मिसाल पेश की। बाबा जी ने कहा कि संतों द्वारा बताए गए मार्ग का सही ढंग से पालन नहीं करने के कारण ही मनुष्य को दुःखों का सामना करना पड़ता है। धर्मशास्त्रों में वर्णित ज्ञान आज भी उतना ही प्रासंगिक और सुलभ है। भगवद्गीता और रामायण जीवन को सही दिशा देने वाले ग्रंथ हैं, लेकिन लोग उनका अध्ययन और पालन नहीं कर पा रहे हैं। यही कारण है कि जीवन में अशांति बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य योनि सभी जन्मों में श्रेष्ठ है। यदि मनुष्य समयबद्ध और अनुशासित जीवन जीते हुए सत्कर्म करे तो वह जन्म मरण के चक्र से भी मुक्त हो सकता है। भगवान मनुष्य के दुःखों को दूर करने के लिए संतों, मंदिरों और आध्यात्मिक साधनों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। बाबा जी ने श्रद्धालुओं से मन को सदैव अनुकूल और सकारात्मक रखने तथा सत्य के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। अपने आध्यात्मिक संदेश में बाबा प्रियदर्शी राम ने विशेष रूप से युवा वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार को प्रतिदिन गीता और रामायण के कम से कम पाँच श्लोकों का पाठ करना चाहिए। यदि घर के सभी सदस्य और बच्चे एक साथ बैठकर इसका अध्ययन करें तो उनमें भक्ति, संस्कार और नैतिक मूल्यों का विकास होगा। उन्होंने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज का युवा वर्ग मोबाइल और टीवी पर अधिक समय व्यतीत कर रहा है जिसका उनके मन और व्यक्तित्व पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। मन चंचल हो रहा है, एकाग्रता भंग हो रही है। बाबा ने युवाओं से धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों से जुड़ने का आह्वान किया। गीता का एक श्लोक भी जीवन बदल सकता है।

कालड़ा हॉस्पिटल
KALDA HOSPITAL यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
मोटापे का ईलाज
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371



### खनिज नियम के उल्लंघन पर 3 क्रशर सील

**सारंगढ़।** खनिज अमले ने बीते शनिवार को जिले के खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर कार्रवाई करते हुए सारंगढ़ तहसील क्षेत्र में मेसर्स गणपति ग्रामोद्योग प्रो. रमेश छापरिया ग्राम टीमरलगा और बरमकेला क्षेत्र में मां अम्बे स्टोन क्रशर प्रो. श्रीमती नीरजा अग्रवाल ग्राम सहजबहाल तथा श्याम मिनरल्स प्रो. पूनम अग्रवाल ग्राम परधियापाली को सील किया गया है। यह कार्रवाई छ्त्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं खान एवं खनिज विकास अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की गई। खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### विद्यार्थी नियमित स्कूल आएं व मन लगाकर पढ़ें

**अकलतरा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला अंधीयारी पाठ में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवप्रवेशी विद्यार्थियों के तिलक लगाकर स्वागत के साथ सभी बच्चो को चाकलेट का वितरण किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। प्रधान पाठक एस. एन. आर्मो ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव का उद्देश्य नवप्रवेशी बच्चों में विद्यालय के प्रति अपनत्व की भावना विकसित करना।

## समय और धन की बचत, सेवा सेतु बना आमजन का भरोसेमंद साथी

**रायगढ़।** सुशासन और डिजिटल सेवा वितरण को सशक्त बनाने की दिशा में संचालित सेवा सेतु पोर्टल आम नागरिकों के लिए प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। पुसौर अंतर्गत ग्राम भाठनपाली निवासी अजय कुमार प्रधान की सफलता की कहानी इस पहल की सार्थकता को दर्शाती है। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से उन्हें स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ, जिससे उनके लिए रोजगार के अवसरों का मार्ग प्रशस्त हुआ। अजय कुमार प्रधान लंबे समय से स्थायी जाति प्रमाण पत्र बनवाने का प्रयास कर रहे थे। इसके लिए उन्हें कई बार तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने पड़े। बार बार कार्यालय जाने से समय और धन दोनों की हानि हो रही थी, फिर भी प्रमाण पत्र समय पर नहीं मिल पा रहा था।

R.L. HOSPITAL
DR. R.L. HOSPITAL
माँ बनने की खुशी जैसा कोई सुख नहीं
निःसंतानता से डरे नहीं आज ही हमारे आई.वी.एफ. विशेषज्ञ से सलाह लें
अनगिनत परिवारों ने IVF से अपनी खुशियाँ पाई है अब आपकी बारी है।
डॉ. प्रिया अग्रवाल
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
इन्फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट
आधुनिक एवं विश्वस्तरीय ईलाज
* निःसंतान दंपतियों की संपूर्ण जांच
* अण्डे एवं भ्रुण दान
* आई.यू.आई.
* आई.वी.एफ.
* इक्सी
निःसंतानता का सर्वोतम ईलाज
डॉ. आर.एल. हॉस्पिटल एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
गौशाला रोड, रायगढ़ (छ.ग.), मो. : 9630001100

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त